



**क्या आपको हमारा किया जा रहा प्रयास अच्छा लगा तो जरूर बताइए. और क्या- क्या सामग्री इस ब्लॉग पर आपको चाहिए कृपया सुझाव दे , मै कोशिश करूँगा उन्हें पूरा करने का.**

**Email- singh.dinesh541@gmail.com**

**Logon http://majhaura.blogspot.in/**

**9510731043**



# स्मरणीय तथ्य

## राष्ट्रीय

1. इस वर्ष की अन्तिम लोक अदालत 2015 में कब लगाई जाएगी ? **– 12 दिसम्बर**

☛ *वर्ष 2015 की अन्तिम लोक अदालत (People's Court) का आयोजन 12 दिसम्बर, 2015 को त्रिपुरा दिल्ली आदि में किया जा रहा है. लोक अदालत द्वारा अधिक समय से लम्बित कम महत्व के वादों पर, जैसे मोटर व्हीकल एक्ट आदि से सम्बन्धित मामलों पर निर्णय लिया जाता है. इस दिन राज्य के सभी स्तर के न्यायालयों में लोक अदालत लगाई जाती है.*

2. केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए गठित सातवें वेतन आयोग ने नवम्बर 2015 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में वर्तमान वेतनमान में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की है ? **– 23·5 प्रतिशत**

☛ *न्यायमूर्ति ए. के. माथुर की अध्यक्षता वाले सातवें वेतन आयोग ने 19 नवम्बर, 2015 को अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली को प्रदान की जिसमें वर्तमान कुल वेतनमान में लगभग 23·5 प्रतिशत वृद्धि की सिफारिश की है.*

3. भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एच.एल. दत्तू के बाद किसे मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की घोषणा नवम्बर 2015 में की गई है ? **– न्यायमूर्ति टी.एस. ठाकुर**

☛ *भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने न्यायमूर्ति टी.एस. ठाकुर का वर्तमान मुख्य न्यायाधीश एच.एल. दत्तू के अवकाश ग्रहण करने के बाद मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की घोषणा नवम्बर 2015 में की है. न्यायमूर्ति टी.एस. ठाकुर का कार्यकाल 3 दिसम्बर, 2015 से 3 जनवरी, 2017 तक रहेगा.*

4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवम्बर 2015 में किन तीन स्वर्ण योजनाओं का अनावरण किया ?
**– स्वर्ण मौद्रीकरण योजना, स्वर्ण बॉण्ड योजना, स्वर्ण सिक्का योजना**

☛ *स्वर्ण के बढ़ते आयात को कम करने एवं घरों में पड़े स्वर्ण को उत्पादक कार्यों में प्रयोग करने के लिए सरकार ने तीन योजनाएं प्रारम्भ की हैं. स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (Gold Monetisation Scheme) में अपना स्वर्ण बैंक में रखकर ब्याज लिया जा सकता है, स्वर्ण बॉण्ड योजना के तहत् भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्वर्ण बॉण्ड जारी किए गए हैं तथा तीसरी स्वर्ण सिक्का व बुलियन योजना के अन्तर्गत 5 व 10 ग्राम सोने के सिक्कों की बिक्री की जा रही है.*

5. भारत सरकार के विद्युत् मंत्रालय ने विद्युत् वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार हेतु कौनसी योजना प्रारम्भ करने के लिए नवम्बर 2015 में निर्णय लिया है ? **– उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना–'उदय'**

☛ *विद्युत् मंत्रालय ने विद्युत् वितरण कम्पनियों (Distribution Companies–DISCOMs) की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए एक नई योजना 'उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (Ujwal Discom Assurance Yojna–UDAY)' का प्रारम्भ करने का निर्णय नवम्बर 2015 में लिया है.*

6. बिहार में अक्टूबर-नवम्बर 2015 में सम्पन्न विधान सभा चुनावों के परिणामस्वरूप कौन बिहार के मुख्यमंत्री बने ? **– नीतीश कुमार**

☛ *राष्ट्रीय जनता दल (RJD), जनता दल (यू) व कांग्रेस के महागठबंधन ने विधान सभा चुनावों में 178 सीटें जीतकर दो-तिहाई बहुमत प्राप्त किया. महागठबंधन के पूर्व घोषित नेता जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना गया तथा 20 नवम्बर, 2015 को इन्होंने मुख्यमंत्री पद सँभाला. राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के दो बेटों ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की.*

7. स्वच्छ भारत मिशन हेतु सरकार ने सभी कर-योग्य सेवाओं पर कौनसा उपकर 15 नवम्बर, 2015 से लागू किया है ?
**– स्वच्छ भारत उपकर**

☛ *भारत सरकार ने स्वच्छता अभियान के लिए धन जुटाने हेतु सभी कर-योग्य सेवाओं पर 0·5 प्रतिशत की दर से स्वच्छ भारत उपकर (Cess) 15 नवम्बर, 2015 से लगा दिया है.*

8. विपणन वर्ष 2016-17 के लिए रबी की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा नवम्बर 2015 में सरकार द्वारा की गई है. गेहूँ तथा जौ के समर्थन मूल्यों में कितनी वृद्धि की गई है ? **– ₹ 75 प्रति क्विंटल**

☛ *भारत सरकार द्वारा फसल वर्ष 2015-16 (विपणन वर्ष 2016-17) के लिए रबी फसलों के गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹ 1450 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर ₹ 1525 तथा जौ का मूल्य ₹ 1150 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर ₹ 1225 प्रति क्विंटल कर दिया गया है. इस प्रकार दोनों के मूल्यों में गत वर्ष के मूल्यों की तुलना में ₹ 75-75 प्रति क्विंटल की वृद्धि की है.*

9. भारत के 35वें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का आयोजन नवम्बर 2015 में नई दिल्ली में प्रगति मैदान में हुआ. मेले का थीम क्या था ?
**– मेक इन इंडिया**

☛ *इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (ITPO) द्वारा आयोजित 35वें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का थीम मेक इन इंडिया था. मध्य प्रदेश फोकस राज्य और फोकस देश बांग्लादेश था. साझीदार देश का दर्जा अफगानिस्तान को और साझीदार राज्य गोवा तथा झारखण्ड बनाए गए.*

10. भारतीय रिजर्व बैंक के किस पूर्व डिप्टी गवर्नर को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में नामित किया गया है ? **– सुबीर गोकरन**

☛ *सुबीर गोकरन को भारत द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के निदेशक मण्डल में नवम्बर 2015 में नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है. इन्होंने राकेश मोहन का स्थान लिया है.*

11. मध्य प्रदेश में नवम्बर 2015 में सम्पन्न रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट के उपचुनाव में किस पार्टी के उम्मीदवार ने विजय प्राप्त की ? **– कांग्रेस**

☛ *मध्य प्रदेश की रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट कांग्रेस के उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया ने भारतीय जनता पार्टी की निर्मला भूरिया को हराकर जीती.*

## अन्तर्राष्ट्रीय

1. आसियान (ASEAN) का 27वाँ शिखर सम्मेलन नवम्बर 2015 में कहाँ आयोजित किया गया ? **– कुआलालम्पुर (मलेशिया)**

☛ *द एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स (ASEAN) का 27वाँ शिखर सम्मेलन मलेशिया में कुआलालम्पुर में नवम्बर 2015 में आयोजित किया गया. इस सम्मेलन में आगामी दस वर्षों के लिए आसियान का रोड मैप (ASEAN–2025) तैयार किया गया.*

2. नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टरई ने नवम्बर 2015 में कौनसी नई राजनीतिक पार्टी बनाई है ? **– नया शक्ति**

☛ *नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टरई ने यूनाइटेड कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी) से त्यागपत्र देकर अपनी नई नया शक्ति (Naya Shakti) पार्टी का गठन किया है.*

3. 13वाँ इण्डिया–आसियान (India–ASEAN) सम्मेलन नवम्बर 2015 में कहाँ सम्पन्न हुआ ? **– कुआलालम्पुर (मलेशिया)**

☛ *एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट एशिया नेशन्स-इंडिया सम्मेलन (ASEAN–India Summit) नवम्बर 2015 में कुआलालम्पुर में आयोजित हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आसियान देशों के साथ भारत के व्यापार को 76·5 बिलियन डॉलर (2014-15) से बढ़ाकर 2020 में 100 बिलियन डॉलर तथा 2025 तक 200 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने की बात कही.*

4. 46वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल ऑफ इण्डिया (IFFI) 2015 में किस संगीतकार को पर्सनेल्टी ऑफ द ईयर का शताब्दी अवार्ड प्रदान किया गया ? **– इल्याराजा (Ilayaraja)**

☛ *फिल्मों में संगीत देने वाले संगीतज्ञ इल्याराजा को पणजी (गोवा) में आयोजित भारत के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में नवम्बर 2015 में शताब्दी अवार्ड (Centenary Award) पर्सनेल्टी ऑफ द ईयर प्रदान किया गया. लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड रूस के फिल्म निर्देशक निकिता मिखाइलकोव को प्रदान किया गया.*

5. कनाडा में अक्टूबर 2015 में सम्पन्न संसदीय चुनावों के परिणामों के अनुसार, नवम्बर 2015 में, किसने प्रधानमंत्री का पद सँभाला ? **– जस्टिन पियरे जेम्स ट्रूडो**

☛ *कनाडा के संसदीय निर्वाचन में सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी को पराजित कर लिबरल पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया. लिबरल पार्टी के नेता जस्टिन पियरे जेम्स ट्रूडो (Justine Pierre James Trudeau) नवम्बर 2015 में प्रधानमंत्री नियुक्त हुए. भारतीय मूल के चार सांसद भी मंत्री नियुक्त हुए हैं.*

6. नवम्बर 2015 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पश्चिम अफ्रीका के किस राष्ट्र को इबोला वायरस मुक्त घोषित किया है ? **– सिएरा लियॉन**

☛ *विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 7 नवम्बर, 2015 को सिएरा लियॉन को घातक इबोला वायरस मुक्त घोषित किया है. इससे पूर्व मई 2015 में डब्ल्यू.एच.ओ. ने लाइबेरिया को इबोला वायरस मुक्त घोषित किया था. डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार लगभग 11 हजार से अधिक व्यक्ति इबोला वायरस के कारण अपने प्राण गँवा चुके हैं.*

7. अमरीकी पत्रिका फोर्ब्स (Forbes) ने नवम्बर 2015 में जारी अपनी विश्व के सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में शिखर स्थान किसे प्रदान किया है ? **– ब्लादिमीर पुतिन (रूस)**

☛ *रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को फोर्ब्स की विश्व के प्रभावशाली नेताओं की 2015 की सूची में पहला स्थान प्राप्त हुआ है. पुतिन लगातार तीसरे वर्ष शिखर पर रहे हैं. 2015 में दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल व अमरीकी राष्ट्रपति ओबामा का है. भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नौवाँ स्थान प्रदान किया गया है. पिछले वर्ष मोदी का सूची में 15वाँ स्थान था.*

8. G-20 राष्ट्रों के समूह का शिखर सम्मेलन नवम्बर 2015 में कहाँ आयोजित किया गया ? **– अंताल्या (तुर्की)**

☛ *जी-20 राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन तुर्की में अंताल्या (Antalya) में नवम्बर 2015 में सम्पन्न हुआ. इस सम्मेलन में एक दिन पूर्व फ्रांस में हुए आतंकी हमले के कारण आतंकवाद का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा.*

9. म्यांमार में नवम्बर 2015 में सम्पन्न संसदीय निर्वाचन में किस महिला नेता की पार्टी को सरकार बनाने के लिए बहुमत प्राप्त हुआ ? **– ऑंग सान सू की**

☛ *नोबेल पुरस्कार विजेता एवं लोकतन्त्रवादी नेता जिनका अधिकांश समय जेल में ही बीता है, की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (NLD) को संसदीय चुनाव में बहुमत प्राप्त हुआ है.*

10. चिली में सम्पन्न फीफा (FIFA) अंडर-17 विश्व कप टूर्नामेंट का खिताब नवम्बर 2015 में किस राष्ट्र ने जीता ? **– नाइजीरिया**

☛ *नाइजीरिया ने माली को हराकर फीफा का अंडर-17 फुटबाल विश्व कप जीत लिया. नाइजीरिया का यह पाँचवाँ खिताब है. दो-दो वर्ष के अन्तराल पर होने वाले इस टूर्नामेंट का आयोजन अगस्त-सितम्बर 2017 में भारत में प्रस्तावित है.*

11. मैक्सिको सिटी में सम्पन्न 17वीं ग्रांड प्रिक्स रेस में कौन विजेता रहा ? **– निको रोजबर्ग**

☛ *मर्सिडीज टीम के निको रोजबर्ग ने नवम्बर 2015 में आयोजित मेक्सिकन ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला वन रेस जीत ली. इन्हीं की टीम के लुइस हैमिल्टन का दूसरा स्थान रहा.*

12. रूस का एक लड़ाकू विमान तुकी-सीरिया बार्डर के पास किस राष्ट्र ने नवम्बर 2015 में मार गिराया ? **– तुर्की**

☛ *तुर्की के सुरक्षा बलों ने 24 नवम्बर, 2015 को रूस का एक लड़ाकू विमान, जो सीरिया में आतंकवादियों पर हमला करने की कार्यवाही में संलग्न था, को मार गिराया. तुर्की का आरोप है कि विमान तुर्की की हवाई सीमा का उल्लंघन कर रहा था.*

●●●




## भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. 'तहकीक-ए-हिन्द' नामक पुस्तक की रचना करने वाला अल्बेरूनी किसके काल में भारत आया ?
*— महमूद गजनवी के काल में*
2. हिजरी सन् का प्रारम्भ कब से हुआ ? *— 622 ई. से*
3. किस सुल्तान के शासनकाल में चहल या चालीस गुलामों के दल का संगठन था ?
*— इल्तुतमिश के शासनकाल में*
4. अहमदशाह अब्दाली ने पानीपत की तीसरी लड़ाई में किसको पराजित किया ? *— मराठों को*
5. वैदिककाल में शासन का प्रधान राजा होता था, जबकि उसकी सहायता करने वाला सर्वाधिक महत्वपूर्ण पदाधिकारी होता था *— पुरोहित*
6. 'कल्पसूत्र' की रचना किसने की थी ? *— भद्रबाहु ने*
7. मराठा साम्राज्य का दूसरा प्रवर्तक किसे कहा जाता है ?
*— बालाजी विश्वनाथ*
8. अकबर के विरुद्ध युद्ध करने वाली प्रसिद्ध रानी चाँदबीबी का सम्बन्ध किस राज्य से था ?
*— अहमदनगर से*
9. हम्पी किस नदी के उत्तरी तट पर स्थित है ?
*— तुंगभद्रा नदी के*
10. तुजुके बाबरी (बाबर की आत्मकथा) किस भाषा में लिखित है ? *— तुर्की भाषा में*

## राष्ट्रीय स्वतन्त्रता आन्दोलन

11. जतीनदास किस आरोप में बन्दी बनाए गए ?
*— लाहौर षड्यंत्र*
12. किस अंग्रेज को 'हरमिट ऑफ शिमला' जैसी आदरसूचक संज्ञा दी गई थी ?
*— कांग्रेस के संस्थापक ए. ओ. ह्यूम को*
13. "हम या तो भारत को आजाद करेंगे अथवा इस प्रयास में अपनी जान दे देंगे." यह नारा किसने दिया था ?
*— महात्मा गांधी ने*
14. वर्ष 1907 के किस अधिवेशन में कांग्रेस के अन्दर फूट पड़ गई तथा उग्रवादी और उदारवादी दल पृथक् हो गए ?
*— सूरत अधिवेशन में*
15. वह कौनसी घटना थी जिसके बाद महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध अपना सर्वप्रथम असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ किया ?
*— रौलेट एक्ट का लगना*
16. सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतन्त्र भारत की अस्थायी सरकार का गठन कब और कहाँ किया था ?
*— सन् 1943 में, सिंगापुर में*
17. मुस्लिम लीग ने भारत छोड़ो आन्दोलन के जवाब में कौनसा नारा दिया था ?
*— बाँटो और भागो*
18. मुस्लिम समाज में सुधार लाने एवं उसमें व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किस मुस्लिम आन्दोलन द्वारा किया गया ?
*— अहमदिया आन्दोलन द्वारा*
19. मुस्लिम लीग ने किस दिन को 'पाकिस्तान दिवस' के रूप में मनाया ?
*— 27 मार्च, 1947*
20. चम्पारण जनपद में 'तिनकठिया' प्रथा का तात्पर्य था
*— किसानों द्वारा 3/20 भू-भाग पर नील की खेती करना*

## भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

21. मौलिक अधिकारों की सुरक्षा हेतु न्यायालय कितने प्रकार के लेख (Writ) जारी कर सकता है ? *— 5 प्रकार के*
22. लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है ?
*— अनुच्छेद 16 में*
23. किसी विधेयक को धन विधेयक के रूप में कौन प्रमाणित करता है ? *— लोक सभा का अध्यक्ष*
24. योजना आयोग के उपाध्यक्ष को भारत सरकार के सरकारी वरीयता क्रम में किसके समकक्ष दर्जा दिया गया है ?
*— केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री के समकक्ष*
25. किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल में दलबदल विरोधी विधेयक पास हुआ था ?
*— राजीव गांधी के कार्यकाल में*
26. संविधान के किस अनुच्छेद में न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक्करण की बात कही गई है ? *— अनुच्छेद 50 में*
27. उच्चतम न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश कौन थीं ?
*— फातिमा बीबी*
28. भारतीय संविधान में राज्य के नीति निर्देशक तत्वों की संकल्पना किस देश के संविधान से अपनाई गई है ?
*— आयरलैण्ड के संविधान से*
29. संविधान में वर्तमान में कितने अनुच्छेद तथा अनुसूचियाँ हैं ?
*— 444 अनुच्छेद तथा 12 अनुसूचियाँ*
30. संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके क्या शब्द जोड़े गए ?
*— पंथ निरपेक्ष, समाजवादी और अखण्डता शब्द जोड़े गए*

## भारत एवं विश्व का भूगोल

31. भारत का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का उर्वरक कारखाना कहाँ स्थापित किया गया था ? *— सिंदरी में*

32. भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का उपग्रह प्रक्षेपन केन्द्र कहाँ स्थित है ?
*— श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) में*

33. अभ्रक के अग्रणी उत्पादक दो देश हैं
*— भारत और संयुक्त राज्य अमरीका (USA)*

34. कांगो रिपब्लिकन किस खनिज उत्पादन में अग्रणी देशों में से एक देश है ? *— हीरे के उत्पादन में*

35. जर्मनी और पॉलैण्ड के बीच सीमा का क्या नाम है ?
*— हिंडनबर्ग रेखा*

36. सर्वाधिक आयु वाला प्राणी है *— कछुआ (Tortoise)*

37. दुलहस्ती पॉवर स्टेशन (Dulhasti Power Station) किस नदी पर स्थित है ? *— रावी नदी पर*

38. 'एलीफेन्ट दर्रा' (Elephant Pass) किस देश में है ?
*— श्रीलंका में*

39. भारत के किस स्थान से दो महत्वपूर्ण नदियाँ निकलती हैं, जिनमें एक अरबसागर की तरफ तथा दूसरी बंगाल की खाड़ी की तरफ बहती है ? *— अमरकंटक से*

40. इजरायल की किन देशों के साथ उभयनिष्ठ सीमा रेखा है ?
*— लेबनान, सीरिया, जॉर्डन तथा मिस्र के साथ*

## पर्यावरण अध्ययन, जैवविविधता, जलवायु परिवर्तन एवं आपदा

41. हुडहुड ने भारत के किन राज्यों में तबाही मचाई थी ?
*— ओडिशा और आन्ध्र प्रदेश के तटवर्ती इलाके में*

42. भारत का राष्ट्रीय जैविक उद्यान कहाँ स्थित है ?
*— लखनऊ में*

43. पर्यावरण का सन्तुलन बनाए रखने के लिए वनान्तर्गत क्षेत्रफल कितना होना चाहिए ? *— 33%*

44. भारत में 'Global Investors Summit' का आयोजन कहाँ हुआ था ?
*— मध्य प्रदेश के इन्दौर शहर में (9 अक्टूबर, 2014 को)*

45. 'Global Warming' शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया था ? *— बैली बोकेर ने (1975 में)*

46. विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है ?
*— 16 सितम्बर को*

47. ग्रीन मफ्लर किससे सम्बन्धित है ?
*— ध्वनि प्रदूषण से*

48. कोई पक्षी पेड़ की ऊँची डाल पर अपना घोंसला बनाता है. यह कौनसा पक्षी हो सकता है ? *— कौआ*

49. विश्व का विशालतम पारिस्थितिक तंत्र क्या है ? *— समुद्र*

50. मीथेन गैस उत्पादन करने वाला क्षेत्र क्या है ?
*— धान का खेत*

## भारतीय अर्थव्यवस्था

51. 'विंग्स ऑफ फ्रीडम' योजना किसने लागू की थी ?
*— इण्डियन एयर लाइन्स ने*

52. C-2 लागत का प्रयोग किस प्रकार के मूल्य निर्धारण में किया जाता है ? *— न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण में*

53. रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों को अपनी कुल साख का कितने प्रतिशत कृषि क्षेत्रों को उपलब्ध कराना होता है ?
*— 18 प्रतिशत*

54. विश्व में स्वर्ण की सर्वाधिक खपत किस देश में होती है ?
*— भारत में*

55. भारत में पहली बार जनगणना कब की गई थी ?
*— सन् 1872 में*

56. कोयली परियोजना की स्थापना के किए किस देश से सहयोग मिला है ? *— रूस से*

57. किस योजना के दौरान तमिलनाडु में कलपक्कम में परमाणु पॉवर प्लाण्ट की स्थापना की गई है ?
*— चौथी योजना के अन्तर्गत*

58. भारत सरकार द्वारा नई संशोधित वन नीति की घोषणा कब की गई थी ? *— 1988 में*

59. दामोदर घाटी निगम द्वारा किन चार बड़े बाँधों का निर्माण कराया गया था ?
*— तिलैया, कोनार, मैथान तथा पंचेट*

60. जनसंख्या वृद्धि का ज्यामितीय सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है ? *— टी. आर. माल्थस ने*

## सामान्य विज्ञान एवं तकनीकी

61. सिनेबार किसका प्रमुख अयस्क है ? *— पारे (Hg) का*

62. कृत्रिम उपग्रह की कक्षीय चाल उसके द्रव्यमान पर किस प्रकार निर्भर करती है ?
*— निर्भर नहीं करती है*

63. प्रेरित धारा की दिशा किस नियम से ज्ञात की जाती है ?
*— लेन्स के नियम से*

64. नाइलोन है
*— पोलीएमाइड*

65. एस्प्रिन का रासायनिक नाम क्या है ?
*— एसिटिल सेलीसिलिक एसिड*

66. विरंजक चूर्ण (Bleaching Powder) किसका हाइपो-क्लोराइड है ? *— कैल्सियम का*

67. कार्नोटाइट (Carnotite) किसका अयस्क है ?
*— यूरेनियम का*

68. मानव शरीर में मास्टर अन्तःस्रावी ग्रन्थि है
*— पिट्यूटरी*

69. पृथ्वी से निकटतम ऊँचाई पर घूमने वाले कृत्रिम उपग्रह का आवर्तकाल होगा *— 89 मिनट*

70. एक वृत्ताकार वलय (Circular Ring) का गुरुत्व केन्द्र कहाँ होता है ? *— वृत्त के केन्द्र पर*

## कृषि

71. फसलीय खेतों में नीलगाय से फसल सुरक्षा हेतु सगंध फसलों को खेत के चारों तरफ या पूरे खेत में ऐसी खेती करने से नीलगाय भाग जाएंगी, वे सगंध फसलें हैं
*— तुलसी, मेंथा, पिपरेटा, लेमनग्रास, खस, पामारोजा, सिट्रोनेला एवं जिरेनियम*

72. 'एकीकृतनाशी कीट/जीव प्रबन्धन' (आई.पी.एम.–Integrated Pest Management) फसलों की सुरक्षा हेतु बायो-पेस्टीसाइड में आते हैं

*— ट्राइकोडरमा विरिडी (1% WP) एवं ट्राइकोडरमा हारजिएनम (2% WP)*

73. 'ट्राइकोडरमा' की कितनी मात्रा बीजशोधन हेतु उपयुक्त रहती है ?

*— 4 ग्राम दवा प्रति किग्रा बीज की दर से शुष्क बीजोपचार हेतु*

74. 'ब्यूवेरिया बैसिया' बीजशोधन हेतु एक जैविक कीटनाशी है *— फफूँद पर आधारित बायो-पेस्टीसाइड*

75. 'बैसिलस यूरिनजिएन्सिस' बीजशोधन हेतु एकबायो-पेस्टीसाइड है

*— बैक्टीरिया आधारित जैविक कीटनाशक*

76. जैविक एजेन्ट परजीवी एवं परभक्षी आई.पी.एम. (एकीकृतनाशी जीव प्रबन्धन) हेतु फसलों की सुरक्षा में प्रयोग किया जाता है *— ट्राइकोग्रामा कोलिनिस—एक अण्ड परजीवी छोटी ततैया*

77. 'क्राइसोपर्ला' 'आईपीएम' (IPM) हेतु फसल सुरक्षा के लिए प्रयोग किया जाता है, जो एक ...........

*— परभक्षी कीट है : यह माहूँ, सफेद मक्खी, लारवा, फुदका, थ्रिप्स आदि के अण्डों एवं शिशु को खाता है*

78. फेरोमोन ट्रैप (गंधपाश) 'आई.पी.एम.' (IPM) तकनीक द्वारा किसे फँसाने हेतु फसल सुरक्षा हेतु प्रयोग किया जाता है–

*— सूड़ियों के नर पतंगों को*

79. मित्र परजीवी कीटों में आते हैं

*— ट्राइकोग्रामा, एपेनटेलिस, सिरफिड मक्खी, कम्पोलेटिस क्लोरिडी, ततैया, एपीवी (APV) विषाणु से ग्रसित इल्ली*

80. जैविक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु फसल रोग से रक्षा के लिए जैविक कीटनाशियों में आते हैं

*— ट्राइकोग्रामा कार्ड, बी.टी. (Bt)/ बिवेरिया, बैसियाना, एपीवी (APV) वाइरस, मित्र कीट, फेरोमोन ट्रेप आदि*

## सम्प्रेषण/संचार

81. कक्षा में परस्पर संवाद से क्या उभर कर आता है ?

*— विचार*

82. कक्षा में शिक्षक के सम्प्रेषण को क्या कहते हैं ?

*— सामूहिक सम्प्रेषण*

83. कक्षा सम्प्रेषण होना चाहिए *— छात्र केन्द्रिक*

84. अंग्रेजी शब्द 'कम्यूनिकेशन' की किन शब्दों से व्युत्पत्ति हुई है ? *— कम्यूनिस और कम्यूनिकेयर*

85. चीनी सांस्कृतिक नेता माओ नेदांग द्वारा जनसमूह से बातचीत किए जाने वाले सम्प्रेषण के प्रकार को कहते हैं

*— मास लाइन कम्यूनिकेशन*

86. आत्माओं और पूर्वजों से बातचीत करने को कहते हैं

*— ट्रांसपर्सनल कम्यूनिकेशन*

87. भारत में मूक फीचर फिल्म के प्रथम पथ प्रदर्शक थे

*— दादा साहेब फाल्के*

88. शिक्षक का कक्षा में सम्प्रेषण किस सिद्धान्त पर निर्भर होता है ? *— एजुटेनमेन्ट*

89. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को किस प्रकार के संचार में वर्गीकृत किया जा सकता है ? *— दृश्य-श्रव्य दोतरफा*

90. एम.सी. राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय कहाँ पर स्थित है ? *— भोपाल में*

## खेलकूद

91. टेबिल टेनिस खेल में मेज का माप कितना होता है ?

*— 275 सेमी × 152·5 सेमी × 76 सेमी*

92. माइक टायसन का सम्बन्ध किस खेल से है ? *— बॉक्सिंग*

93. कनाडा का राष्ट्रीय खेल क्या है ? *— बर्फ पर हॉकी*

94. भारत क्रिकेट में प्रथम विश्व चैम्पियन कब बना उस टीम का कप्तान कौन था ?

*— 1983 में, कपिलदेव (प्रूडेंसियल कप)*

95. देश की पहली महिला अम्पायर कौन थीं ?

*— अंजली राय*

96. राष्ट्रीय खेल दिवस किस दिन मनाया जाता है ?

*— 29 अगस्त को*

97. सबसे पहले 'सैफ' (SAF) खेल कहाँ आयोजित हुए ?

*— काठमांडू (नेपाल) में*

98. युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए एकलव्य पुरस्कार किस राज्य में दिया जाता है ? *— मध्य प्रदेश में*

99. 'ड्यूस' शब्द किस खेल से सम्बन्धित है ? *— लॉन टेनिस*

100. टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक किसी भी विकेट के लिए सर्वाधिक रनों (576) की साझेदारी किस-किस के बीच हुई है ? *— सनथ जयसूर्या तथा रोशन महानामा (श्रीलंका)*

## विविध

101. भारत के लिए पहला ग्राण्ड स्लैम जीतकर इतिहास रचने वाली खिलाड़ी है *— सानिया मिर्जा (हैदराबाद)*

102. 'तेजस' क्या है ?

*— स्वदेशी तकनीक से निर्मित भारत का पहला बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान (LCA)*

103. रमाकांत विट्ठल अचरेकर भारत के किस प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी के गुरु हैं ? *— सचिन तेंदुलकर के*

104. बीरबल का वास्तविक नाम क्या था ? *— महेशदास भट्ट*

105. S.M.S. का अर्थ है

*— शॉर्ट मैसेजिंग सर्विस (Short Messaging Service)*

106. 'बटरफ्लाई' शब्द किस खेल से सम्बन्धित है ?

*— तैराकी (Swimming)*

107. मिकी माउस (Mickey Mouse) किसकी कृति है ?

*— वाल्ट डिस्नी*

108. वाणिज्य के किस क्षेत्र से 'बुल' (Bull) एण्ड 'बियर' (Bear) सम्बद्ध है ? *— स्टॉक मार्केट (शेयर बाजार में)*

109. कम्पनी के वास्तविक स्वामी होते हैं

*— इक्विटी शेयरधारक*

110. यामिनी कृष्णा मूर्ति किसकी कुशल एवं प्रख्यात नृत्यांगना हैं ?

*— भरतनाट्यम एवं कुचिपुड़ी नृत्य की*

●●●